जेएलएन मेडिकल कॉलेज, अजमेर को मिला 'सर्वश्रेष्ठ एनटीओआरसी केंद्र' पुरस्कार

■ अंगदान जागरूकता, समन्वय और प्रत्यारोपण सेवाओं में उत्कृष्ट कार्य के लिए राज्य स्तर पर हुआ सम्मान

अजमेर/जयपुर, । राज्य स्तरीय अंगदान जागरूकता कार्यक्रम के अवसर पर एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के नवीन शैक्षणिक भवन सभागार में आयोजित भव्य समारोह में जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर को अंगदान के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवं उल्लेखनीय उपलब्धियों के लिए 'सर्वश्रेष्ठ एनटीओआरसी केंद्र' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह सम्मान कॉलेज की अंगदान एवं ऊतक प्रत्यारोपण टीम द्वारा किए जा रहे समर्पित प्रयासों और उल्लेखनीय उपलब्धियों की राज्य स्तर पर मिली बड़ी पहचान माना जा रहा है। यह प्रतिष्ठित सम्मान चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर, प्रमुख शासन सचिव (चिकित्सा शिक्षा) गायत्री राठौड़, आयुक्त चिकित्सा शिक्षा बाबूलाल गोयल, राज्य अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण संगठन (सोटो) राजस्थान की राज्य नोडल अधिकारी डॉ. चित्रा, अंगदान समन्वयक डॉ. रश्मि गुप्ता तथा एसएमएस मेडिकल कॉलेज, जयपुर के प्राचार्य एवं नियंत्रक द्वारा प्रदान किया गया। जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज, अजमेर की ओर से यह सम्मान प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया, एनटीओआरसी नोडल अधिकारी डॉ. गोगराज गरवाल, डॉ. दिलीप नागरवाल, डॉ. कुलदीप, डॉ. प्रदीप, नर्सिंग अधिकारी घनश्याम तथा शल्यकक्ष दल ने प्राप्त किया। यह पुरस्कार कॉलेज की एनटीओआरसी टीम द्वारा अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने, ब्रेन स्टेम डेथ की समय पर पहचान, अंगदान समन्वय तथा अंग एवं ऊतक प्रत्यारोपण सेवाओं को अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में किए गए उल्लेखनीय कार्यों की सराहना का प्रतीक है।

कॉलेज ने पिछले वर्षों में अंगदान के क्षेत्र में कई महत्वपूर्ण उपलब्धियां अर्जित की हैं, जिससे अनेक जरूरतमंद मरीजों को नया जीवन मिल सका है। अंगदान करने वाले परिवार का भी हुआ सम्मान--कार्यक्रम के दौरान अंगदान के माध्यम से कई लोगों को नया जीवन देने वाले स्वर्गीय दुर्गाशंकर के परिवार को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया। उनके माता-पिता, भाई एवं बहनों को मंच पर सम्मानित करते हुए अतिथियों ने उनके इस मानवीय एवं प्रेरणादायी निर्णय की सराहना की।

वक्ताओं ने कहा कि ऐसे परिवार समाज के लिए प्रेरणा स्रोत हैं और उनका यह निर्णय अनेक जरूरतमंद लोगों के जीवन में नई उम्मीद लेकर आता है। प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. अनिल सामरिया ने कहा कि यह सम्मान संस्थान के सभी चिकित्सकों, प्रत्यारोपण समन्वयकों, नर्सिंग अधिकारियों, पैरामेडिकल कर्मियों तथा सहयोगी कर्मचारियों के सामूहिक समर्पण, उत्कृष्ट टीम भावना और निरंतर प्रयासों का परिणाम है। उन्होंने कहा कि कॉलेज भविष्य में भी अंगदान के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने और अधिक से अधिक लोगों को जीवनदान दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ कार्य करता रहेगा।

आवारा श्वानों के एंटी रेबीज टीकाकरण

ब्यावर (निसं) नगर परिषद द्वारा आवारा श्वानों की नसबंदी एवं एंटी रेबीज टीकाकरण अभियान की शुरुआतकी गई है। नगर परिषद आयुक्त कीर्ति कुमावत के निर्देश पर विभिन्न क्षेत्रों में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत परिषद की टीम आवारा श्वानों को पकडकर उनका स्वास्थ्य परीक्षण कर रही है। स्वास्थ्य परीक्षण के बाद श्वानों की नसबंदी एवं रेबीज रोधी टीकाकरण किया जाएगा। उपचार पूरा होने पर स्वस्थ श्वानों को वापस उनके क्षेत्र में छोड़ा जाएगा। अभियान का उद्देश्य आवारा श्वानों की अनियंत्रित संख्या पर नियंत्रण, रेबीज संक्रमण के खतरे को कम करना तथा आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करना है। गौरतलब है की नगर परिषद को पैदल चलने वाले राहगीरो,बाईक चालकों के पीछे भागने वाले और काटने वाले श्वानो की शिकायत नहीं की बार की गई लेकिन उन पर कोई कार्यवाही नहीं हो सकी है।

हादसे में कावड़ यात्री की मौत

मदनगंज-किशनगढ़,(निस)। गेंगल थाना अंतर्गत अजमेर रोड़ टोल प्लाजा के पास ट्रेलर की टक्कर से कावड़ यात्री युवक की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई, जबकि इसका भाई चोटग्रस्त होकर घायल हो गया। मृतक मालियों की ढाणी निवासी शुभम राव है। पुलिस के अनुसार धर्मानुरागियों का दल पुष्कर से पवित्र जल लेकर पैदल किशनगढ़ आ रहा था, सुबह टोल प्लाजा के पास ट्रेलर चालक ने तेज गति व लापरवाही से वाहन चलाकर कावड़ यात्रियों को चपेट में लिया, जिससे शुभम की मौके पर मृत्यु हो गई, वही इसके भाई प्रदीप को गंभीर रूप से घायल अवस्था में जे एल एन अस्पताल अजमेर में भर्ती कराया है।

'एक विश्वविद्यालय-एक टीम' की भावना के साथ संस्थागत उत्कृष्टता पर विशेष बल

अजमेर । राजस्थान केंद्रीय विश्वविद्यालय में कुलपति प्रो. आनंद भालेराव के मार्गदर्शन में स्थापना अनुभाग द्वारा कर्मचारियों की कार्यकुशलता एवं व्यावसायिक दक्षता बढ़ाने के उद्देश्य से 'कार्यस्थल शिष्टाचार एवं संस्थागत प्रोटोकॉल' विषय पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के 200 से अधिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भाग लिया।

मुख्य वक्ता लेफ्टिनेंट जनरल एस.पी.एस. कटेवा (सेवानिवृत्त) ने 'एक विश्वविद्यालय-एक टीम' विषय पर व्याख्यान देते हुए कहा कि किसी भी संस्थान की सफलता सामंजस्य, आपसी सहयोग, कार्यकुशलता तथा संस्थान की प्रतिष्ठा पर आधारित होती है। उन्होंने सभी कर्मचारियों से एक मजबूत और समन्वित टीम के रूप में कार्य करने का आव्हान किया। कटेवा ने कहा कि जिस प्रकार मानव शरीर का प्रत्येक अंग अपनी अलग भूमिका निभाते हुए पूरे शरीर को सुचारु रूप से संचालित करता है, उसी प्रकार विश्वविद्यालय का प्रत्येक कर्मचारी संस्थान की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान देता है। उन्होंने कर्मचारियों से अपनी भूमिका को महत्वपूर्ण मानते हुए विद्यार्थियों और संस्थान के हित में समर्पित भाव से कार्य करने की अपील की। प्रशिक्षण के दौरान समयपालन, गोपनीयता बनाए रखना, स्वच्छता, उपयुक्त वेशभूषा, सकारात्मक संवाद, कार्यस्थल पर स्वस्थ संबंधों का निर्माण तथा शिकायतों के समाधान की निर्धारित प्रक्रिया जैसे व्यावसायिक आचरण के महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से जानकारी दी गई। इसके साथ ही प्रशासनिक कार्यप्रणाली से जुड़े आदेशों की श्रृंखला, आधिकारिक बैठकों की प्रक्रिया, सरकारी पत्राचार, जनसंचार माध्यमों से संवाद, अतिथि प्रबंधन, वित्तीय एवं क्रय प्रक्रियाएं तथा आधिकारिक व्हाट्सऐप संचार सहित विभिन्न प्रशासनिक व्यवस्थाओं की जानकारी भी साझा की गई।

"डुएट धमाका" संगीत संध्या में गूंजे सदाबहार युगल गीत

■ द स्टार वॉयस बैंड के प्रथम आयोजन में 70 गीतों की प्रस्तुतियां, कलाकारों ने बांधा समां

अजमेर । द स्टार वॉयस बैंड, अजमेर की ओर से आयोजित प्रथम संगीत कार्यक्रम 'डुएट धमाका' होटल ब्राविया, पंचशील में उत्साह और उल्लास के साथ सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में केवल युगल गीतों की प्रस्तुतियां देकर संगीत प्रेमियों को एक अनूठा अनुभव कराया गया। देर रात तक चले इस आयोजन में दर्शकों ने गीत-संगीत का भरपूर आनंद लिया और कलाकारों का तालियों से उत्साहवर्धन किया। संस्था के संस्थापक महेश लौंगानी, नीरज जैन एवं मनस्वी सक्सेना ने बताया कि अजमेर में पहली बार इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें केवल युगल गीतों को स्थान दिया गया। इसके लिए ऑडिशन आयोजित कर 25 पुरुष एवं 20 महिला गायकों का चयन किया गया। कार्यक्रम में कुल 70 गीत प्रस्तुत किए गए। अजमेर, ब्यावर और किशनगढ़ के कलाकारों ने अपनी प्रस्तुतियों से श्रोताओं का मन मोह लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुखराज पहाड़िया, लायन मुकेश कर्णावत तथा संगीत गुरु आनंद वैद्य रहे। अतिथि कलाकारों के रूप में गोल्डन वॉयस ऑफ राजस्थान-2025 के विजेता एवं सुर सरगम के अध्यक्ष अनुपम सिंह राठौर तथा उभरती गायिका नवनीत पंजाबी ने अपनी प्रस्तुति 'तू जो मेरे सुर में सुर मिला ले' से दर्शकों की खूब वाहवाही बटोरी। कार्यक्रम का शुभारम्भ महेश लौंगानी एवं भावना लौंगानी ने लोकप्रिय गीत 'जय जय शिव शंकर' से किया। गीत की प्रस्तुति के साथ ही पूरा सभागार झूम उठा और दर्शकों ने कलाकारों का उत्साहपूर्वक स्वागत किया। आयोजन की विशेषता यह रही कि प्रत्येक गायक-गायिका ने तीन-तीन गीत प्रस्तुत किए। रोमांटिक, सदाबहार, मस्तीभरे और नृत्यप्रधान गीतों पर दर्शकों ने भी भरपूर आनंद लिया। कार्यक्रम के दौरान प्रीति जैन द्वारा प्रस्तुत एकल नृत्य ने भी सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम में हरीश मसंद, मुकुल कपूर, नीरज जैन, प्रीति जैन, महेश लौंगानी, भावना लौंगानी, प्रमोद सक्सेना, मनस्वी सक्सेना, पवन वर्मा, योगेश कुमावत, सुरेश केवलरामानी, सरवर खान, एन.के. माथुर, राजीव सक्सेना, राजकुमार, सुरेश शर्मा, लता शर्मा, अशोक दरियानानी, कुंज बिहारी लाल, नीरज मिश्रा, वंदना मिश्रा, रश्मि मिश्रा, ऊषा मित्तल, भगवान सिंह, दुर्गेश कंवर, राजेन्द्र सोनी, विनोद काला, नवनीत पंजाबी, सारिका रावलानी, मौरीन टाक, शशि सहाय, संगीता उपाध्याय, दिव्या कजवाड़कर, श्वेता शर्मा, जया, रश्मि पाल तथा प्रियंका गुप्ता ने अपनी गायन प्रतिभा का प्रदर्शन किया।

मित्र मंडल की वर्षा कालीन गोठ 16 को

अजमेर (कासं)। श्री सर्वेश्वर मित्र मंडल अजमेर की वर्षाकालीन गोठ (पिकनिक) एवं आमसभा (साधारण सभा की बैठक) 16 अगस्त रविवार को तीर्थराज पुष्कर के नजदीक ग्रामीण क्षेत्र में होगी। संस्था अध्यक्ष पूर्व पार्षद शैलेंद्र अग्रवाल व महासचिव प्रवीण अग्रवाल ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संस्था के सभी लोग 16 अगस्त को प्रातः 7:30 बजे सिने वर्ल्ड, हरि भाऊ उपाध्याय नगर के पास एकत्रित होकर 8:00 बजे वहाँ से प्रस्थान करेंगे तथा खरेखड़ी रोड़, पुष्कर में साईं धाम मन्दिर में दर्शन करेंगे यह अति सुंदर दर्शनीय एवं रमणिक स्थल है।

जे स्काई "आया सावन झूम के" में त्रिवेणी संगम

■ सावन की रिमझिम फुहारों के बीच सुरीले गीतों की लगाई आग

■ कराओके सिंगर के तीन ग्रुप की एक साथ प्रस्तुति

ब्यावर (निसं) अजमेर रोड़ स्थित परशुराम भवन में कराओके सिंगिंग के आयोजित कार्यक्रम जे स्काई "आया सावन झूम के" में शहर की 50 प्रतिभाओ ने अपने अपने अंदाज़ में सुरीले गीतों की प्रस्तुतियां दी। गौरतब है की शहर के तीन ग्रुप कराओके सिंगर क्लब,सारेगामा कराओके सिंगर और सावित्री म्यूज़िकल ग्रुप अलग अलग स्थानों पर प्रति रविवार अपना कार्यक्रम प्रस्तुत करते है। इस बार ये प्रथम अवसर रहा की तीनो क्लबों ने अपना ये कार्यक्रम एक साथ मिलकर किया।मुख्य अथिति गोविन्द शर्मा ,संरक्षक सुरेंद्र सिंह,संजय सिंह,रमेश शर्मा,अशोक बंबानी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माला पहनाकर और दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया।स्वर सम्राट मो रफी,राजेश खन्ना और प्राण की पुण्य तिथि के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में अरे दीवानो मुझे,,,संजय सिंह,दिल में आग लगाए,,,रमेश शर्मा,किसी शायर की ग़ज़ल,,,अशोक बंबानी,बार बार देखो,,,राजेंद्र सोनी,दर्दे दिल दर्दे जिगर,,,निर्मल नायक,बदरा छाए के झूले ,,,सुरेश उपाध्याय,मेहबूबा मेहबूबा,,,कुञ्ज शर्मा,दिल ढूंढता,, विनोद नायक, सावन में मोरनी,,सुमन रावत, एक हंसी शाम,,अटल बिहारी, सोचेंगे तुम्हें प्यार,,,सतीश शर्मा,दिल है की मानता,मुकेश जांगिड़,ऐसा मौका फिर, वसु चंदानी,मेरा प्यार वो है, अनिल गुप्ता,दुनिया में कितना,, भगवान डेटाणी,मौला मेरी ले लो ,,लक्की सोलंकी,आखिर तुम्हे आना है,,,रसिक बिहारी,डम डम डिगा,,,हितेश पारीख,तुझको पुकारे मेरा प्यार,,,हीरालाल पोपवत,जाने वालो ज़रा,,,राजेंद्र अड़ात,शिरडी वाले,,.रवि बोयत,कितना सकू कितना,,,राधेश्याम प्रजापत,अकेले है चलाओ,,,राकेश कासोटिया,कौन किसी को,,,अचलेश्वर प्रसाद,मै हूँ खुश रंग,,,ख़ुशी,तुम मुझे यू,,,ज्ञानेंद्र त्रिपाठी,नागिन सा रूप ,कमल,विनोद मेहरा, ओम आचार्य,अनिल चौहान, महेश आदिवाल आदि ने भी अपनी सुरीली प्रस्तुतियों से दर्शको का मन जीत लिया।

सार-समाचार

वंचित पात्रों को मिला खाद्य सुरक्षा का लाभ

अजमेर । खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा ने कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य सरकार ने खाद्य सुरक्षा योजना के दायरे का ऐतिहासिक विस्तार करते हुए प्रदेश के 1 करोड़ 1 लाख 15 हजार 449 वंचित पात्र व्यक्तियों को राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम (एनएफएसए) से जोड़ा है। यह संख्या राज्य के कुल 4.37 करोड़ खाद्य सुरक्षा लाभार्थियों का लगभग 23 प्रतिशत है।उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम छोर पर बैठे जरूरतमंद व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाना है। खाद्य सुरक्षा से जुड़ने के बाद हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव आया है और उन्हें सम्मानपूर्वक जीवन जीने का संबल मिला है।मंत्री गोदारा ने बताया कि 1 जनवरी 2024 से 31 अगस्त 2024 के बीच प्रदेश में 12 लाख 95 हजार 664 नए लाभार्थियों को खाद्य सुरक्षा योजना से जोड़ा गया। इसके बाद 26 जनवरी 2025 से एनएफएसए पोर्टल दोबारा शुरू होने पर राज्यभर में 88 लाख 19 हजार 785 पात्र व्यक्तियों को योजना में शामिल किया गया। इसी क्रम में अजमेर जिले के 1 लाख 96 हजार 66 वंचित पात्रों को भी खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ मिला। मंत्री ने बताया कि एनएफएसए लाभार्थियों को प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत निःशुल्क खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। इसके साथ ही राज्य सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ भी उन्हें मिल रहा है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को मुख्यमंत्री रसोई गैस सिलेंडर योजना के तहत 450 रुपये में गैस सिलेंडर, मुख्यमंत्री आयुष्मान दुर्घटना बीमा योजना के अंतर्गत परिवार को 10 लाख रुपये तक का निःशुल्क दुर्घटना बीमा, तथा मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना के माध्यम से 25 लाख रुपये तक का निःशुल्क उपचार उपलब्ध कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं से आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हो रहा है। साथ ही मानसून को देखते हुए लाभार्थियों को तीन माह का निःशुल्क राशन एक साथ उपलब्ध कराया जा रहा है। गोदारा ने बताया कि नवंबर 2024 में शुरू किए गए 'गिव अप अभियान' के तहत लगभग 67 लाख लोगों ने स्वेच्छा से खाद्य सुरक्षा योजना का लाभ छोड़ा। वहीं करीब 27 लाख लोगों के ई-केवाईसी नहीं कराने के कारण उनके नाम सूची से हटाए गए। इससे रिक्त हुए स्थानों पर नए पात्र एवं जरूरतमंद परिवारों को योजना से जोड़ा जा सका। उन्होंने बताया कि इस अभिनव पहल की केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी की अध्यक्षता में आयोजित राज्यों की बैठक में सराहना की गई और इसे राजस्थान सरकार की श्रेष्ठ पहल माना गया।

चुनाव से पहले कांग्रेस का घर-घर जनसंपर्क अभियान

अजमेर,। आगामी नगर निगम चुनाव को लेकर अजमेर शहर जिला कांग्रेस कमेटी ने 'कांग्रेस आपके द्वार' नाम से व्यापक जनसंपर्क अभियान की घोषणा की है। यह अभियान 6 अगस्त से 14 अगस्त तक शहर के प्रत्येक वार्ड में चलाया जाएगा। इस अभियान के माध्यम से कांग्रेस भाजपा के कुशासन के बारे में आमजन को अवगत करवाएगी इसके साथ ही पूर्वर्ती कांग्रेस की गहलोत सरकार द्वारा शहर के लिए किए गये विकास कार्यो की जानकारी भी देगी। यह अभियान आगामी निकाय चुनाव के लिए कांग्रेस का शंखनाद भी माना जा रहा है। बुधवार को सर्किट हाउस में इस अभियान की रूपरेखा पत्रकार वार्ता में साझा की गई। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष राजकुमार जयपाल तथा राजस्थान पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह राठौड़ के नेतृत्व में कार्यकर्ता घर-घर पहुंचकर नागरिकों से संपर्क करेंगे। अभियान का शुभारम्भ 6 अगस्त को सुबह 8 बजे फव्वारा सर्किल से होगा। इसके बाद कार्यकर्ता आगरा गेट स्थित प्राचीन गणेश मंदिर एवं बालाजी मंदिर में पूजा-अर्चना कर चुनावी अभियान की शुरुआत करेंगे। धर्मेन्द्र राठौड ने बताया कि पहले चरण में वार्ड संख्या 8 एवं 9 में आगरा गेट, ऋषि घाटी, प्रेम नगर, शिक्षक कॉलोनी, सोनी नगर, आनासागर सर्किल होते हुए फव्वारा सर्किल तक जनसंपर्क किया जाएगा। दूसरे चरण में सायं 4 बजे से वार्ड 9, 10, 11 एवं 12 में फव्वारा सर्किल, ऋषि घाटी, कोली समाज मंदिर, रेगर समाज मंदिर, जाटव समाज मंदिर, कमला बावड़ी, कसाई मोहल्ला एवं गुरुद्वारा क्षेत्र में जनसंपर्क किया जाएगा।

नाम परिवर्तन

मैं प्रार्थी चेतन प्रकाश कुमावत पुत्र रामदयाल ने अपने पिता के नाम में संशोधन करवाया है अतः मुझे समस्त सरकारी व गैर सरकारी दस्तावेजों में मुझे मेरे नए नाम चेतन प्रकाश कुमावत पुत्र रामदयाल कुमावत, के नाम से जाना जावे। -प्रार्थी चेतन प्रकाश कुमावत पुत्र रामदयाल कुमावत बिजयनगर जिला ब्यावर।

उत्तर पश्चिम रेलवे

No. DRM-Elect-20-21 (26-27)
Dated 05.08.2026

ई-निविदा सूचना

मण्डल रेल प्रबन्धक (बिजली), उत्तर पश्चिम रेलवे, अजमेर द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से नीचे दिये गये कार्य के लिये दी गई तिथि को 15.00 बजे तक ई निविदा आमंत्रित की जाती हैं। **निविदा संख्याः** मं.रे.प्र.(बि.)- 20-26-27, **कार्य का नामः** All Div.: Electrical work due to extension of DFC side pedestrian subway at Falna, Rani, Somesar Railway stations and Electrical work due to extension of DFC side pedestrian subway at Haripur, Sojat Road and Marwar Junction Railway stations. **अनुमानित लागतः** ₹ 1,19,68,676/-, **बयाना राशिः** ₹ 2,39,400/-, ई निविदायें बन्द होने की तिथिः 24/08/26; **निविदा संख्याः** मं.रे.प्र. (बि.) - 21-26-27, **कार्य का नामः** All Div.: Provision of High Mast Towers at various locations over Ajmer Division. **अनुमानित लागतः** ₹ 1,07,37,211/-, **बयाना राशिः** ₹ 2,14,800/-, **ई निविदायें बन्द होने की तिथिः** 26/08/26; उपरोक्त ई-निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाइट का पता - **www.ireps.gov.in** **1149-PH/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

ई-निविदा आमंत्रण सूचना

ई-निविदा सूचना संख्याः कैरिज-23-2026
दिनांकः 05.08.2026

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर कैरिज अजमेर द्वारा खुली ई-निविदा संख्याः कैरिज-23-2026 दिनांक 05.08.2026 को आमंत्रित की जाती हैं। कोई भी मैन्युअल टेंडर स्वीकार नहीं किया जायेगा और यदि कोई मैन्युअल टेंडर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। **कार्य का नाम एवं स्थानः** "कैरेज वर्कशॉप, अजमेर में BG कोचों की सीटों/बर्थ को हटाना, उनकी मरम्मत करना और उन्हें लगाना।" **अनुमानित लागतः** रु. 2,07,35,555.34, **टेण्डर डॉक्युमेंट कॉस्टः** रु.00.00, **बयाना राशिः** रु. 414700.00, **ई-टेंडर फॉर्म जमा करने का समय व तारीखः** दिनांक 26.08.2026 समय 15.00 बजे तक, **वेबसाइट का विवरणः** **www.ireps.gov.in**, **पात्रता मानदंडः** लागू। **नोटः** टेण्डर डॉक्युमेंट कॉस्ट एवं बयाना राशी केवल किये IREPS की वेबसाइट पर उपलब्ध पेमेंट गेटवे सुविधा द्वारा ऑनलाइन जमा जाने है। **1150-PH/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे

खुली निविदा

ई-टेण्डर नोटिस सं. एस एंड टी प्रोजेक्ट-अजमेर-2026-27-01R दिनांकः 04/08/2026 उप मुख्य सिगनल एवं दूरसंचार इंजीनियर/परियोजना/अजमेर भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से खुली निविदा सं. **एस एंड टी प्रोजेक्ट-अजमेर-2026-27-01R** जिसकी बंद होने की तिथि **27.08.2026** को ऑनलाईन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। कोई भी मैन्युअल टेण्डर संबंध में स्वीकार नहीं किया जायेगा और अगर कोई मैन्युअल टेण्डर प्राप्त होता है उसको देखा नहीं जायेगा। **1. कार्य का नाम एवं लोकेशनः** Appointment of Project Supervision Services Agency (PSSA) for providing Project Supervision Services at various project Sites/ Sections in the jurisdiction of Dy.Chief Signal & Telecom Engineer/ Project Ajmer. **2. अनुमानित लागतः** ₹ 39195018.91, **3. टेण्डर जमा करने की अंतिम तारीखः** 27.08.2026, **4. वेबसाईट का विवरण और नोटिस बोर्ड की लोकेशनः** **www.ireps.gov.in** or उप मुख्य सिगनल एवं दूर संचार इंजीनियर/ परियोजना/अजमेर ऑफिस। **1144-PH/26**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

नाम परिवर्तन

मैंने अपना नाम ARIHANT KUMAR MEHTA **से बदलकर** ARIHANT MEHTA S/O BUDH SINGH MEHTA **रख लिया है भविष्य में सभी उद्देश्यों के लिए इसी नाम से जाना पहचाना जावे पता**-GALI NO 02,MOTI VIHAR COLONY,RAM-NAGAR, AJMER

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि हमारी साझेदारी फर्म M/s SHREE BABA RAMDEV GRANITES C/o Omprakash Choudhary, Plot No. 97, Sardarsingh Dhani Road, Pani Ki Tanki Ke Paas, Shanti Nagar, Madanganj-Kishangarh, Dist Ajmer, Rajasthan-305801 हैं। जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमाक RF/AJM/2023/3947 दिनांक 19/10/2023 है जिसमें दो (2) साझेदार हैं। 1. श्री मुकेश चौधरी पुत्र श्री घासी राम 2. श्री जेठाराम डूडी पुत्र श्री भागुराम डूडी। अब सभी साझेदार आपसी सर्वसम्मति से 1. श्री मोती राम पुत्र श्री लिच्चमन राम 2. श्री शोभा राम पुत्र श्री मेघा राम, 3. श्री हरपाल चौधरी पुत्र श्री रामलाल चौधरी, 4. श्री उगमा राम पुत्र श्री मांगू राम 5. श्री नारायण राम पुत्र श्री लिछमण राम को नये साझेदार के रूप में ग्रहण कर रहें है। उक्त परिवर्तन दिनांक 24/07/2026 से प्रभावी है। उक्त नये साझेदार के प्रवेश पर आम आदमी व वितीय संस्थान, बैंक या अन्य संस्थान को किसी भी तरह की कोई आपति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय अजमेर मे सूचित करें अन्यथा बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नही होगी। सुचितकर्ता:- मुकेश चौधरी (साझेदार)

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार की साझेदारी फर्म M/s RANA GRANITO Adders-Plot No. 33, Khasra No. 497/145, 499/145, 500/321 × 502/321, Gram Rahimpura, Gram Panchayat Khatoli, Tehsil Kishangarh, Dist Ajmer, राजस्थान 305815, जिसका रजिस्ट्रेशन क्रमाक RF/AJM/2021/1167 जिसका AcK. No-RF/ACK/E/AJM/2025/404 दिनांक 25/03/2025 है जिसमें तीन साझेदार हैं। 1. श्री तुलसी राम जाट पुत्र श्री हनुमान राम जाट 2. श्री जीवण राम पुत्र श्री हनुमान राम 3. श्री खिया राम पुत्र बिरमा राम। अब आपसी सर्वसम्मति से श्री भुरा राम पुत्र श्री रूपा राम को नये साझेदार के रूप में प्रवेश लिया है, तथा श्री खिया राम पुत्र श्री बीरमा राम ने स्वेच्छा से सेवानिवृति ले ली हैं उक्त परिवर्तन दिनांक 15.07.2026 से प्रभावी है। उक्त साझेदार की निवृति पर आम आदमी व वितीय संस्थान, बैंक या अन्य संस्थान को किसी भी तरह की कोई आपति हो तो सुचना के प्रकाशन की दिनांक से 7 दिवस में रजिस्ट्रार ऑफ फर्म कार्यालय अजमेर में सूचित करें अन्यथा बाद किसी भी प्रकार की आपति स्वीकार नहीं होगी।
- सुचितकर्ता-तुलसी राम जाट (साझेदार)

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 812 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 5/8/2026

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3-ख-8 वैशाली नगर, अजमेर क्षेत्रफल 114.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री श्यामदास पुत्र श्री वैन्सीमल को आवंटित कर दिनांक 11.01.1982 को उक्त आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री श्यामदास पुत्र श्री वैन्सीमल द्वारा दिनांक 31.12.1990 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। श्री श्यामदास की मृत्यु दिनांक 26.10.2015 को हो जाने के कारण वसीयतधारक श्री मुरली नैनानी पुत्र स्व. श्री श्यामदास के पक्ष में दिनांक 18.03.2016 को मृत्यु हेतु पश्चात् आवास हस्तान्तरण के आदेश जारी किये गये। श्री मुरली नैनानी पुत्र स्व. श्री श्यामदास द्वारा आवास का बैचान श्रीमती रूचि जैन पत्नि श्री शैलेश जैन को दिनांक 12.03.2026 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 1045 में पृष्ठ संख्या 109 क्रम संख्या 202603002103742 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 4179 के पृष्ठ संख्या 381 से 392 पर दिनांक 12.03.2026 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती रूचि जैन पत्नि श्री शैलेश जैन ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय बैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती रूचि जैन पत्नि श्री शैलेश जैन का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नही होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।
- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, राजस्थान आवासन मण्डल, अजमेर

क्रमांक : 781 — जाहिर आम सूचना — दिनांक - 3/8/2026

राजस्थान आवासन मण्डल आवास संख्या 3/80 गढी थोरियान, ब्यावर क्षेत्रफल 162.00 वर्ग मीटर मूल आवंटी श्री अनिल सोमानी पुत्र श्री रामरतन सोमानी को आवंटित कर दिनांक 23.11.2011 को आवास का भौतिक कब्जा सौंपा गया था। श्री अनिल सोमानी पुत्र श्री रामरतन सोमानी द्वारा दिनांक 31.01.2014 को उप पंजीयक कार्यालय द्वारा उक्त आवास का पंजीयन करवा लिया गया। पंजीयन पश्चात् श्री अनिल सोमानी पुत्र श्री रामरतन सोमानी द्वारा आवास का बैचान श्रीमती लतेश यादव पत्नि श्री निखिल यादव को दिनांक 25.07.2014 को कर दिया गया। पुनः श्रीमती लतेश यादव पत्नि श्री निखिल यादव आवास का बैचान श्रीमती नेहा चौहान पत्नि श्री नरेन्द्र सिंह चौहान को दिनांक 01.06.2026 को कर दिया गया। जो कि पंजीयन विभाग की पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 2521 में पृष्ठ संख्या 129 क्रम संख्या 202603003106316 पर पंजीबद्ध किया गया तथा अतिरिक्त पुस्तक संख्या 01 जिल्द संख्या 5621 के पृष्ठ संख्या 287 से 299 पर दिनांक 01.06.2026 को चस्पा किया गया है। अब श्रीमती नेहा चौहान पत्नि श्री नरेन्द्र सिंह चौहान ने उक्त आवास से संबंधित विक्रय बैनल प्रस्तुत कर स्वयं के नाम दोहरा पंजीयन उपरांत नाम हस्तान्तरण करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है। श्रीमती नेहा चौहान पत्नि श्री नरेन्द्र सिंह चौहान का नाम मण्डल रिकार्ड में प्रतिस्थापन की कार्यवाही विचाराधीन है। अतः उक्त कार्यवाही से किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो इस जाहिर आम सूचना की विज्ञप्ति के प्रकाशन के 10 दिवस में अपनी उजरदारी/आपति मय सबूत एवं पहचान के दस्तावेज के साथ इस कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते है। बाद मियाद गुजरने पश्चात् कोई आपति स्वीकार नही होगी, नाम प्रतिस्थापन की अग्रिम कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।
- सहायक प्रशासनिक अधिकारी, राजस्थान आवासन मण्डल खण्ड-अजमेर

**कार्यालय नगर निगम, अजमेर